हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025

04 सब्जी नीलामी शेड पर व्यापारियों ने किया अवैध...



07 कब तक नरबली लेता रहेगा राजगढ़ के बीच से ...





## खबर संक्षेप

### सीहोर स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग तेज

**सीहोर।** देशभर से सीहोर पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के नहीं रुकने से रोजाना परेशानी हो रही है। रविवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान के मार्गदर्शन में डेली अप डाउनर्स संघ ने स्टेशन पर सभी ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर रतलाम मंडल डीआरएम के नाम ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। नौशाद खान ने बताया कि सीहोर रेलवे स्टेशन पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में आता है। कोरोना से पहले यहां इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस और पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज था। तीन साल बीतने के बाद भी इन ट्रेनों का स्टॉपेज अब तक शुरू नहीं हुआ है। नगरवासियों ने कई बार ज्ञापन दिए। सांसद आलोक शर्मा ने भी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कालापीपल, अकोदिया और शुजालपुर जैसे छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनें रुक रही हैं। सीहोर स्टेशन का राजस्व इनसे कई गुना ज्यादा है। इसके बावजूद यहां के यात्रियों और देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ भेदभाव हो रहा है। कुबेरेश्वरधाम पर रोजाना पहुंचते हैं हजारों लोग स्टेशन के पास ही पंडित प्रदीप मिश्रा का कुबरेश्वर धाम है। यहां रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें भारी दिक्कत होती है। इंदौर व्यापारिक राजधानी है। सीहोर से रोज सैकड़ों लोग वहां आते-जाते हैं। सीधी ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें भी परेशानी उठानी पड़ रही है। नौशाद ने ज्ञापन की प्रति फिर से सांसद आलोक शर्मा और केंद्रीय रेल मंत्री को भेजी है। मांग की गई है कि सीहोर स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों का स्टॉपेज किया जाए।

### चांदी पहुंची 1.11 लाख पर, सोने के दाम भी बढ़े

**सीहोर।** चांदी के दाम अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। शनिवार को चांदी 2400 रुपए महंगी होकर 1 लाख 11 हजार रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। यह अब तक का ऑल टाइम हाई रेट है। इस महीने के 12 दिनों में चांदी 5 हजार रुपए महंगी हो चुकी है। 1 जुलाई को इसका भाव 1 लाख 6 हजार रुपए प्रति किलो था। इस साल की शुरुआत से अब तक चांदी 21,700 रुपए प्रति किलो महंगी हो चुकी है। 1 जनवरी को इसका रेट 89,300 रुपए प्रति किलो था। चांदी के रोज बढ़ते भाव से सराफा बाजार में कारोबार ठप हो गया है। महंगे भाव पर बेचने वाले तो आ रहे हैं, लेकिन खरीदार नहीं मिल रहे। बाजार में मांग कम हो गई है। सोने में इतनी तेजी नहीं दिखी है। शनिवार को सोना 700 रुपए महंगा होकर 99,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। जेवराती सोना 91,450 रुपए प्रति 10 ग्राम बिका। पिछले कुछ दिनों से सोने के भाव 97 से 99 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बने हुए हैं।

# अब भाजपा 'नरेश' की कार्यकारिणी का इंतजार, महामंत्री पद पर विशेष नजर

### नवीन कार्यकारिणी में होंगे 8 उपाध्यक्ष, 8 ही मंत्री, संगठानिक टीम का हिस्सा बनने के लिए होने लगी जोड़ तोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के रूप में बैतूल विधायक हेमंत खण्डेवाल की ताजपोशी होने के बाद अब जिले में भारतीय जनता पार्टी की नवीन कार्यकारिणी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। राजनीतिक गलियारों में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की कार्यकारिणी का तेजी से इंतजार किया जा रहा है। चर्चा इस बात की हो रही है कि नवीन कार्यकारिणी पूर्व की भांति होगी या विस्तार होगा। बसे खास बात यह कि महामंत्री कौन-कौन बनेंगे। गौरतलब है कि भाजपा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा को 16 जनवरी को सौंपी गई थी। जिलाध्यक्षों की प्रक्रिया में पांचवीं सूची में उनका नाम आया था। जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा को बने 2 दिन बाद 7 महीने हो जाएंगे। चर्चा थी कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के चयन के बाद जिला कार्यकारिणी का गठन होगा, अब प्रदेश अध्यक्ष के रूप में विधायक हेमंत खण्डेलवाल को जिम्मेदारी सौंप दी गई है तो ऐसे में जिले में नवीन कार्यकारिणी को लेकर चर्चा चल पड़ी है।

#### महामंत्री पद पर विशेष नजर

भाजपा जनता पार्टी में जिला महामंत्री पद महत्वपूर्ण होता है। बीजेपी के आयोजित कार्यक्रमों के दौरान मंचों पर महामंत्रियों को ही जगह मिलती है। ऐसे में बीजेपी जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की कार्यकारिणी में महामंत्री बनने के लिए हर कोई ललायित है। रवि मालवीय की कार्यकारिणी में महामंत्री का पद सीहोर और आष्टा के खाते रहा है। सीहोर से दो महामंत्री राजकुमार गुप्ता व रवि नागले रहे, जबकि आष्टा से धारासिंह पटेल पर महामंत्री की जिम्मेदारी रही। अब इस पद से कौन-कौन सुशोभित होगा, यह समय बताएगा।

**यह थी रवि मालवीय की कार्यकारिणी :** तत्कालीन बीजेपी जिलाध्यक्ष रवि मालवीय का कार्यकाल करीब 5 साल तक रहा है। विधानसभा-लोकसभा चुनाव के चलते उन्हें 2 साल का एक्सटेंशन मिला था। पूर्व जिलाध्यक्ष की कार्यकारिणी में तीन महामंत्री, 4 उपाध्यक्ष, 4 जिला मंत्री, एक कार्यालय मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया, आईटी सेल व जिला कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे।

**8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री रहेंगे :** बताया जा रहा है कि बीजेपी जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की गठित होने वाली कार्यकारिणी में 21 सदस्यीय पदाधिकारियों की टीम रहेगी, जबकि 90 सदस्यों होंगे। इस कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष और 8 मंत्री बनाए जाने की बात सामने आ रही है। जबकि पूर्व में 4 उपाध्यक्ष व 4 मंत्री थे।



#### प्रक्रिया चलन में है

प्रदेश नेतृत्व से मिलने वाले निर्देशों के अनुसार जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्रक्रिया चलन में है। जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन व सामंजस्य से जल्द ही कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा।

-नरेश मेवाड़ा, जिलाध्यक्ष भाजपा

### किसी के पास खेल मैदान नहीं तो कोई दुकाननुमा कमरे में हो रहे संचालित, जहरीले जीव जंतु आने का भी डर

# अनदेखी: नियमों को दरकिनार कर 60 फीसदी निजी स्कूलों को दे दी मान्यता, दो-दो कमरों में चल रहे स्कूल

शहर, गलियों में खुले दो कमरों में चलने वाले दड़बे जैसे स्कूलों से भरा पड़ा है। अधिकतर स्कूल ऐसे हैं जो लोगों ने अपने निजी घरों में ही खोल लिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अच्छी शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से मनमानी फीस वसूलने वाले निजी स्कूल सुविधाओं के मामले में शून्य हैं। इन स्कूलों के पास न तो पर्याप्त भवन है और न ही खेल मैदान। चंद कमरों में संचालित ये स्कूल मान्यता के नियमों पर भी खरे नहीं उतर रहे हैं। बावजूद शिक्षा महकमा नियमों को अनदेखा कर संचालित होने वाले निजी विद्यालयों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं। शहर भर के 60 प्रतिशत स्कूल इन नियमों को पूरा नहीं करते हैं। हरिभूमि ने ऐसे ही तीन स्कूलों की पड़ताल की है।

शहर, गलियों में खुले दो कमरों में चलने वाले दड़बे जैसे स्कूलों से भरा पड़ा है। अधिकतर स्कूल ऐसे हैं जो लोगों ने अपने निजी घरों में ही खोल लिए हैं। यह आलम कुछ चुनिंदा स्कूलों में नहीं है, शहर भर में कई स्कूल ऐसे हैं जिनके हालात ऐसे ही हैं। अधिकारियों से चुपचाप सांठ-गांठ कर स्कूल संचालक मान्यता तो ले आते हैं लेकिन इससे सीधी चोट स्कूली छात्रों के भविष्य पर होती है। समस्याओं की बात करें तो यह स्कूल छात्रों से फीस के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं, लेकिन बेहतर शिक्षा का जो माहौल उन्हें मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाता है। इन स्कूलों में न खुला हिस्सा न खेल का मैदान न रोशनीदार कक्षाएं और न ही सुरक्षा गार्डों की तैनाती है। यह संचालक दुकानें खोलकर शिक्षा को बेच रहे हैं। इन दुकानों पर कार्यवाही करना तो दूर इसको देखने के लिए भी कोई जिम्मेदार अधिकारी कभी इन स्कूलों में झांकने नहीं जाते है।

#### उठ रहे सवालिया निशान

जिनके पास प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल की मान्यता है, लेकिन स्कूल भवन के नाम पर केवल दो से तीन कमरें है, जिन्हें भेड़ बकरियों की तरह बच्चों को प्रतिवर्ष बैठाकर स्कूलों का संचालन होता चला आ रहा है। जिला स्तर पर इन स्कूलों को मान्यता किस आधार पर प्रदान कर दी जाती है इस पर सवालिया निशान उठता चला आ रहा है।

**कागजों में कॉलम पूरे, हकीकत में शून्य :** निजी विद्यालयों को नवीन मान्यता प्राप्ति अथवा नवीनीकरण के समय शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाने वाला एक फार्म भरना होता है, जिसमें विद्यालय की संपूर्ण जानकारी फार्मेट होता है।

इसमें विद्यालय भवन के साथ संसाधन आदि के बारे में पूछा जाता है। निजी स्कूल संचालक मान्यता प्राप्ति के समय इन कॉलम को तो कूटरचित ढंग से पूरा कर देते हैं। लेकिन हकीकत में संसाधन उनके पास होते नहीं है और उनके इस घालमेल अफसर करते हैं, जिन्हें इन विद्यालयों के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी जाती है। निरीक्षण के दौरान यही अधिकारी इन स्कूलों के संचालकों को बचा लेते है।

#### 1. द न्यू ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल



इंदौर-भोपाल हाईवे से चंद दूरी पर शेरपुर में स्थित द न्यू ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल दो-तीन कमरों में संचालित होता मिला। ऊपर छत की जगह टीनशेड थी, जबकि दरवाजे के स्थान पर दुकान की तरह शटर लगी हुई थी। पास में ही खेत है, जिससे जहरीले जीव जंतु आने का डर बना रहता है।

#### 2. लिटिल एंजल पब्लिक स्कूल

हरिभूमि पड़ताल



इससे चंद दूरी पर लिटिल एंजल पब्लिक स्कूल हैं, जो तीन कचरों में संचालित हो रहा है. ऊपर छत के स्थान पर टीनशेड है। बारिश में टीनशेड न उड़े, इसलिए उस पर पत्थर रखे हुए थे। बाउंड्री के तौर पर लकड़ियों में तार बंधे हैं।

#### 3. न्यू कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल



कुछ दूरी पर न्यू कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल हैं। स्कूल पर छत है, हालांकि ऑफिस के ऊपर टीनशेड डला था। स्कूल परिसर के आजू बाजू झाड़ियां हैं, जिससे यहां भी जहरीले जीव जंतू आने का भय बना रहता है।

#### निजी स्कूल के यह मापदंड अनिवार्य

- कक्षा आठवीं तक की मान्यता के लिए विद्यालय भवन 4500 वर्गफीट में होना अनिवार्य है।
- 2000 वर्गफीट का खेल मैदान तथा 2500 वर्गफीट में भवन होना चाहिए।
- हाईस्कूल के लिए 5500 वर्गफीट एवं हायर सेकंडरी के लिए 6500 वर्गफीट स्थल होना चाहिए।
- 2000 वर्गफीट का खेल मैदान शेष भाग निर्माणाधीन होना चाहिए।
- बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय।
- शुद्ध पेयजल के इंतजाम होना चाहिए।
- लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, स्टाफ रुम, ऑफिस के लिए भी पृथक-पृथक से कक्ष होना चाहिए।

# जिले में अब तक 423.1 मिलीमीटर हुई औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 31.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 5.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 7.0, आष्टा में 18.0, जावर में 65.0, इछावर में 16.0, भैरूंदा में 66.0, बुधनी में 38.7, रेहटी में 35.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 14 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 423.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 229.6 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 14 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 388.9, मिलीमीटर, श्यामपुर में 360.3, आष्टा में 262.0, जावर में 274.0, इछावर में 372.3, भैरूंदा में 481.0, बुधनी में 625.7 तथा रेहटी में 622.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



# पिकनिक मनाना महंगा पड़ा: पांच डूबे, चार के शव बरामद, एक की तलाश जारी

### रेहटी तहसील की सोलवी नदी में पति-पत्नी व बच्चा, कोलार डेम में दो दोस्त डूबे

**सीहोर।** जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में पांच लोग डूब गए। इनमें से चार के शव बरामद हो गए हैं। एक की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। ये सभी रविवार को पिकनिक मनाने के लिए नदी एवं डेम के किनारे पहुंचे थे, तभी ये हादसा हो गया। इस दौरान रेहटी तहसील की सोलवी नदी में डूबे पति-पत्नी एवं ढाई साल के बच्चे में से महिला एवं बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। युवक की तलाश जारी है। इसी तरह बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के कोलार डेम में चार दोस्तों में से दो दोस्त नहाते समय गहरे पानी में चले गए और डूब गए। इनके शव भी सोमवार को बरामद कर लिए गए हैं। सोलवी नदी में चल रहे रेस्क्यू अभियान के दौरान एसडीएम बुधनी दिनेश सिंह तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, रेहटी के प्रभारी तहसीलदार युगविजय सिंह यादव, थाना प्रभारी राजेश कहारे सहित अन्य अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। कलेक्टर बालागुरू के. भी लगातार रेस्क्यू अभियान का अपडेट लेते रहे। कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा, भाजपा नेता राजेश सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी यहां पहुंचे।

#### सोमवार को सुबह 6 बजे से शुरू किया रेस्क्यू अभियान

जानकारी के अनुसार रेहटी तहसील स्थित ग्राम सुरई के समीप सोलवी नदी में ग्राम मालीबायां निवासी अताउर्रहमान 40 वर्ष, उनकी धर्मपत्नी रफत 35 वर्ष, बेटा ओरम उम्र ढाई वर्ष एवं बेटा रिवजर उम्र 10 वर्ष परिवार के अन्य लोगों के साथ में पिकनिक बनाने पहुंचे थे। इसी दौरान पति-पत्नी और उनका ढाई साल का बेटा डूब गया। एक 10 वर्षीय बेटे की जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। इसके बाद एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। रविवार को देर शाम तक रेस्क्यू अभियान चलता रहा, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रेस्क्यू अभियान सोमवार को सुबह 6 बजे से फिर शुरू किया गया। इस दौरान रेस्क्यू टीम को सबसे पहले ढाई साल का बच्चा मिला। उसका पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटनास्थल के करीब तीन किलोमीटर दूर महिला का शव भी मिल गया। युवक की तलाश जारी है।

**चार दोस्त में से दो डूबे, शव बरामद :** एक अन्य घटना बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में आने वाले कोलार डेम पर हुई। यहां भोपाल के चार युवक प्रिंस सिंह, उज्जवल त्रिपाठी अपने दो साथियों शैलेन्द्र धाकड़ और सत्यम पटेल के साथ पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि डेम की पाल पर चढ़कर ये चारों युवक लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में पहुंचे और डेम में उतरकर नहाने लगे। इस दौरान गहरे पानी में जाने से प्रिंस सिंह और उज्जवल त्रिपाठी डूब गए।

उनके दोनों साथियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद थाना बिलकिसगंज प्रभारी संदीप मीणा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाया। सोमवार को दोनों के शव बरामद हो गए। बताया जाता है कि चारों युवक भोपाल के कॉलेज में अध्ययनरत थे। इधर लगातार बारिश के चलते कलेक्टर बालागुरू के. ने आदेश जारी करते हुए सीहोर जिले के वॉटरफाल, नदियों, झरनों पर आमजनों के जाने पर रोक लगाते हुए कर्मचारियों को तैनात किया है।

बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि सोलवी नदी में तीन लोगों के डूबने की सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस टीम को भेजकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। रविवार को देर शाम तक टीम नदी में रेस्क्यू अभियान चलाती रही, लेकिन डूबे तीन लोगों को पता नहीं चल सका। इसके बाद सोमवार को सुबह 6 बजे से फिर से अभियान शुरू किया गया। अभी ढाई वर्ष का बालक एवं महिला का शव बरामद हुआ है। युवक की तलाश के लिए टीम सर्चिंग कर रही है।

### सुबह से ही शिव मंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की कतार

# पहले सोमवार को सजाया फूल बंगला, हजारों कांवड़ियों ने किया जल से अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर सावन के हर सोमवार पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फूल बंगला सजाया जा रहा है। इस परम्परा को आगे बढ़ते हुए इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के दर्शन किए और शहर के सीवन नदी तट से लेकर आए जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। सुबह से ही यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे और कंकर-शंकर की पूजा अर्चना की। शहर के पांच स्थानों पर किया जा रहा कुबेरेश्वरधाम पर जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत और प्रसादी का वितरण। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि शहर के सीवन तट से कावड यात्रियों के लिए समिति की ओर से एक पंडाल के अलावा श्री राधेश्याम विहार कालोनी, इंदौर नाके, सोया चौपाल आदि पर चाय-पानी, नश्ते और फलहारी खिचड़ी की व्यवस्था की गई है। यहां पर विश्राम करने के लिए वाटर फूरप पंडाल लगाए गए है और यात्रा के दौरान कावड यात्री यहां पर ठहरने के बाद अपनी यात्रा पर निकल जाते है। करीब 11 किलोमीटर तक निकाली जाने वाली यात्रा में सावन के पहले सोमवार पर श्री राधेश्याम विहार कालोनी परिवार की ओर से करीब क्विंटल खिचड़ी, चाय, केले के अलावा पानी के पाउच आदि का वितरण किया गया। वहीं विठलेश सेवा समिति की ओर से शहर के मार्ग पर बनाए पंडाल पर पूज्य गुरुदेव की माताश्री ने फलों का वितरण किया।



**10 क्विटल फलहारी प्रसादी का वितरण :** इधर कुबेरेश्वरधाम पर सोमवार को सुबह पांच बजे से ही भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ में मौजूद पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में सुबह 10 बजे बाबा की पूजा अर्चना के पश्चात यहां पर आए करीब 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को करीब 10 क्विंटल से अधिक फलहारी प्रसादी का वितरण किया।

**खबर संक्षेप**

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें। यदि पानी की शुद्धता संदिग्ध हो, तो उसे पहले उबालें, साफ कपड़े से छानें अथवा क्लोरीन की गोली डालें और कम से कम एक घंटे के बाद उसका सेवन करें। खाना बनाने, परोसने और खाने से पहले तथा शौच के बाद हाथों को साबुन और स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोना अत्यंत आवश्यक है। यह सरल आदत कई रोगों से बचाव में सहायक होती है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि सदैव ताजा पका हुआ भोजन एवं स्वच्छ खाद्य वस्तुओं का ही सेवन करें। अधिक समय पहले बना हुआ यात्री बासी भोजन न खाएं।

### 26 व्यापारियों के पास है लाइसेंस, लेकिन खरीदी कर रहे महज 6 ही व्यापारी

# सब्जी नीलामी शेड पर व्यापारियों ने किया अवैध कब्जा विक्रेताओं को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना

इन अवैध कब्जा धारकों को मंडी प्रबंधन द्वारा कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी इन कब्जा धारकों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



**इछावर।** नगर की सब्जी मंडी में व्यापारियों ने इस तरह जाली लगाकर कब्जा कर रखा है।



**इछावर।** शेड के बाहर खराब सब्जी फेंकी जा रही है। जिससे गंदगी के साथ मच्छर पनप रहे हैं।

नगर में खेरी रोड पर स्थित सब्जी मंडी के शेड में कुछ व्यापारियों ने अवैध कब्जा कर रखा है। शेड में उक्त व्यापारियों द्वारा टीन चद्दर, जाली व प्लास्टिक पन्नी बांधकर उसे स्टोर रूम में तब्दील कर लिया है। उधर शेड पर अतिक्रमण होने से अपनी सब्जी बेचने आने वाले उत्पादकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासबात यह है कि इन अवैध कब्जा धारकों को मंडी प्रबंधन द्वारा कई बार नोटिस जारी किए जा चुके है, लेकिन इसके बावजूद अभी इन कब्जा धारकों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया है।

नगर की सब्जी मंडी में इस समय कई अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही है। एक ओर जहां नीलामी शेड पर करीब आधा दर्जन व्यापारियों ने अवैध कब्जा कर उसे स्टोर रूम बना लिया है , वहीं दूसरी ओर करीब दो दर्जन से अधिक व्यापारियों ने व्यापारिक लाइसेंस तो बनवा लिया लेकिन खरीदी महज आधा दर्जन व्यापारी ही कर रहे है। ऐसे में सब्जी विक्रेताओं को सब्जी का वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार सब्जी नीलामी शेड में कुछ व्यापारियों ने चद्दरें एवं प्लास्टिक पन्नी बांधकर अवैध कब्जा कर लिया है। इसमें वह प्याज , लहसुन सहित अन्य सब्जियों का भंडारण कर रहे है। शैड पर अतिक्रमण होने से यहां सब्जी बेचने आने वाले विक्रेताओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार उन्हें खुले आसमान के नीचे बारिश या धूप में बैठने को मजबूर होना पड़ता है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि शैडो में कई व्यापारियों ने अवैध कब्जा कर अपना गोडाउन बना लिया है। इसके चलते यहां आने वाले सब्जी विक्रेताओं एवं खरीदी के लिए बाहर से आने वाले लोगों को बड़ी दिक्कतें झेलनी पड़ती है। इस संबंध में मंडी प्रबंधन को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इसके अलावा व्यापारी सड़ी - गली एवं खराब साग सब्जी भी वही फेंक देते है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण यहां गंदगी का अंबार लगा रहता है। स्थिति यह है कि परिसर में चारों ओर गंदगी होने से यहां अक्सर दुर्गंध के गुब्बार उठते रहते है साथ ही मच्छरों की बेतहाशा भरमार बनी रहती है।

#### लाइसेंस 26 के, लेकिन खरीदी कर रहे महज 6 व्यापारी

जानकारी के अनुसार सब्जी नीलामी के लिए नगर के 26 व्यापारियों द्वारा लाईसेंस बनवाएं गये है, लेकिन महज 6 व्यापारी ही नीलामी में भाग ले रहे हैं जबकि शेष व्यापारी निष्क्रिय बने हुए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि मंडी प्रबंधन द्वारा इन निष्क्रिय व्यापारियों के लाईसेंस निरस्त क्यों नहीं किए जा रहे हैं।

#### जल्द की जाएगी कार्रवाई

शेडों में अवैध कब्जा करने वाले व्यापारियों को तीन बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक उनके द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया है। जल्द ही अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जो व्यापारी निष्क्रिय हैं उनके लाइसेंस रद्द किए जाएंगे।

**सरदार सिंह गुणवान, सचिव सब्जी मंडी**

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बारिश में किया क्षेत्र का अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर सहित आसपास के क्षेत्र में बारिश का दौर जारी है। सोमवार को भी सुबह से तेज बारिश होती रही। ऐसे में शहर के अनेक स्थानों पर जल भराव की समस्या आदि नहीं हो और चल रहे निर्माण कार्य के अवलोकन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य पार्षदों ने शहर के अनेक वार्डों में पहुंचकर नागरिकों से चल रहे निर्माण कार्य को लेकर चर्चा की। शहर के वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत नरेन्द्र नगर में पहुंच नपाध्यक्ष राठौर का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए वार्ड क्रमांक 32 के पार्षद आजम नेता ने बताया कि क्षेत्र अंतर्गत नरेन्द्र नगर में कालोनीवासियों की मांग को लेकर करीब 15 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य समय सीमा के साथ गुणवत्ता से पूर्ण हो इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष राठौर के अलावा अमले ने अवलोकन किया। वहीं तेज बारिश के कारण नालियों में कचरे आदि के कारण नालियां चौक हो गई है। इसको लेकर नगर पालिका टीम सक्रिय है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपने ओटले हटा दें ताकि नालियां खुली रहें और पानी का निकास ठीक से हो सके। नगर पालिका की सफाई टीम को सहयोग करें। आसपास की नालियों को समय-समय पर चेक करें और अवरोधक चीजें हटाएं।

## कांता जैन को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर महामंत्री पवन जैन, रमेश कुमार, राजेश कुमार और मनोज कुमार की माता एवं मिश्रीलाल जैन की धर्मपत्नी स्व. कांता जैन का उठावना एवं तेरहवीं कार्यक्रम रविवार को सुंदर गार्डन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ललित नागरी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, वरिष्ठ नेता सन्नी महाजन, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, पद्मावती पोरवाल महासभा भोपाल के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र अजमेरा, जनपद अध्यक्ष आष्टा सोनू गुणवान, नपं. अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम कासनियां, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजराज सिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, व्यापारी संघ के संरक्षक मनोज जैन सुपर, गल्ला व्यापारी गोपी सेठी, ललित जैन उपाध्याय, देवचंद्र जैन, संजय जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, पूर्व जिला महामंत्री रमाकांत समाधिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक सिसौदिया, पूर्व जिला मंत्री सुरेंद्र राठौड़, पूर्व सह कार्यालय मंत्री कैलाश कुशवाह, पूर्व महामंत्री बंटी राठौर, वरिष्ठ पत्रकार विमल जैन, रमेश आदिनाथ, वासु जैन तलेन, डॉ. जैनपाल जैन, डॉ. बीसी जैन, डॉ. पंकज जैन, डॉ. सुनील जैन आदिनाथ, अमोघ जैन, आनंद जैन, कोमल जैन, महिपाल जैन, दीपक जैन, नीरज जैन, प्रवीण जैन और संतोष जैन संतु सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने श्रीमती जैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

### पं. मिश्रा का विधायक ने किया सम्मान, कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर लिया आशीर्वाद



**सीहोर।** श्रावण माह के प्रथम दिवस कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय ने बाबा महाकाल कुबेर भंडारी के दर्शन किए और नागरिकों की सुखशांति समृद्धी की कामना बाबा महाकाल से की। तत्पश्चात शाल श्रीफल से शिव महापूराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय ने समस्त नागरिकों को श्रावण सोमवार की शुभकामनाएं दीं और देश भर से सीहोर कुबेरेश्वर धाम पहुंच रहे कांवड़ियों का हृदय से स्वागत किया।

## मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**सीहोर।** आंगनबाड़ियों में सोमवार को ताले लटके रहे, बच्चे पौषण आहार को तरस गए। इधर कलेक्ट्रेट में मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया। पोषण ट्रेकर ऐप फेस केप्चर और अन्याय अत्याचार का विरोध किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने पहले बस स्टैंड स्थित गीता भवन में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चार घंटे तक धरना दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को संघ जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने अधिकारों मांगों और सरकार की नीतियों के प्रति जागरूक किया। गीता भवन से विरोध रैली शुरू की गई। बेनर पोस्टरों के साथ नारेबाजी करते हुए जिले भर की यूनिफार्मधारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकाली। अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर स्वाती मिश्रा को दिया।

**ऑनलाइन कार्य से बिगड़ी गुणवत्ता :** जिलाध्यक्ष उषा राठौर ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनें 1975 से महिला वाल विकास विभाग में अपनी निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। मात्र मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने कुपोषण दूर करने, महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने, बच्चों को अनोपचारिक शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। इसी के साथ ही महिला बाल विकास विभाग और अन्य विभागों के वह सभी कार्य हमसे करायें जा रहे है। दिन प्रतिदिन हमारी बहनों पर कार्य का बोझ बढ़ता जा रहा है। नये नये ऐप वना कर हमारे ऊपर विभागीय निगरानी का भी कार्य किया जा रहा है। बढ़ते ऑनलाइन कार्य के कारण क्षेत्र में कार्य की गुणवत्ता सुधारने के बजाय और विगड़ रही है। हमारे द्वारा कार्य तो दोगुना किया जा रहा है पर टेक्नोलॉजी के सही उपयोग न होने के कारण हमारी प्रस्तुति दिन व दिन खराब हो रही है।

**कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की यह है मांग :** देश में महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत सभी ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को एक नीति बनाकर सभी राज्यों में नियमित किए जाने,बहनों को एक न्यूनतम पेंशन देने, कम से कम 10 बर्ष का अनुभव रखने वाली सभी अहर्ताएं पूर्ण करने पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति दिए जाने, कार्यकर्ता, सहायिका को विभाग के कार्यो के अतिरिक्त किसी भी कार्य में न लगाया जाने, सभी कार्यकतार्ओं और सहायिकाओं को किसी अन्य विभागों की नियुक्ति परीक्षा में भी अतिरिक्त अंक दिये जाने, महिलाओं और बच्चों को रूचिकर पोष्टिक आहार दिया जाने, पोषण ट्रेकर ऐप में फेस केप्चर में नेटवर्क की समस्या को समाप्त कराए जाने, विभाग से मिले मोबाइल अच्छी मेमोरी के नहीं है रिचार्ज कराना पड़ता है और नेट पैक भी डलवाना पढ़ता है इस पैसा दिया जाने,मोबाइल खरीदने के लिए कार्यकर्ता और सहायिका के खाते में राशि उपलब्ध कराई जाने और कार्यकर्ता और सहायिका को सेवानिवृत्त होने या सेवाकाल में मृत्यु होने पर राशि परिवारजनों को दिए जाने की मांग की गई है।

### द लायंस ताइक्वांडो अकादमी के छात्रों ने दो गोल्ड और 6 सिल्वर जीते



**सीहोर।** द लायंस ताइक्वांडो अकादमी के छात्रों ने एक बार फिर प्रतियोगिता में अपना दम दिखाया। इंदौर में हुई दूसरी ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन कर खिलाड़ियों ने 10 मेडल के साथ सीहोर जिले का नाम रोशन किया है। ताइक्वांडो कोच नीरज घोषी ने बताया कि खिलाड़ियों की मेहनत और लगन से प्रतियोगिता में मेहनत कर 2 गोल्ड, 6 सिल्वर के साथ 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। स्वर्ण पदक दिव्य जोशी, हुजेर खान जीते तो वही रजत पदक अभिनव कुमार, भरत मालवीय, उदित तोषनीवाल, प्रबल प्रताप सिंह, अंश मेवाड़ा, पार्थ पांडे के साथ विराट जाट और तनिष्क भाटी ने कांस्य पदक जीते। विजेता खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर ताइक्वांडो कोच नीरज घोषी सहित परिजनों ने बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

**प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

# अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग सिटी लीग 2025 का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिला वेटलिफ्टिंग ऐसोसिएशन के सचिव सत्यनारायण वारिया ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरे देश में महिला खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही। अस्मिता खेलो इंडिया महिला सिटी लीग 2025 के अंतर्गत, मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में 13 जुलाई को वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिला खेल अधिकारी परिसर चर्च ग्राउण्ड पर आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में सीहोर जिला खेल अधिकारी रूबिका देवान द्वारा रिबन काट कर एवं हुनमान बब्बा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात श्रीमती देवान ने सभी खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया।

सीहोर जिला वेटलिफ्टिंग ऐसोसिएशन के सचिव सत्यनारायण वारिया एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत सोनी, उपाध्यक्ष सुमित गिरोठिया, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा, भोपाल सचिव आरिफ खान, उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, अनिल राठौर, कोच कान्हा त्यागी, प्रतीक नामदेव, विश्वजीत, समीर, नमन, विकास, हिम्मत, हिमांशु सहित उपस्थिति अतिथियों द्वारा श्रीमती जैन को पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया।

ज्ञातव्य है कि साई द्वारा देश भर के विभिन्न शहरों और जिलों में सभी खेलों की महिला प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें वेटलिफ्टिंग के लिए मध्य प्रदेश से इंदौर और सीहोर जिले को चुना गया था। भारतीय भारोत्तोलन संघ (इंडियन वेट लिफ्टिंग फेडरेशन) के तत्वावधान में, प्रदेश वेटलिफ्टिंग संगठन मध्य प्रदेश इन दोनों जिलों में प्रतियोगिता का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इंदौर कॉपरेशन एरिया वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन एवं सीहोर जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के माध्यम से यह आयोजन न केवल महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया, बल्कि ग्रास-रूट स्तर पर खेल को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने प्रयास है। प्रतियोगिता में 44 किलो वजन वर्ग में रोशनी देवी प्रथम, माही कंदारे द्वितीय, 48 किलो वजन वर्ग में पारूल साहू प्रथम, ईशा पर्ते द्वितीय, 53 किलो वजन वर्ग में जया गोसावी प्रथम, अंशिका राठौर द्वितीय, भावना प्रजापति तृतीय, 63 किलो वजन वर्ग में खुशी बेलदार प्रथम, गायत्री पाल द्वितीय, प्रिया मांझी तृतीय, 69 किलो वजन वर्ग में शीतल राजपूत प्रथम, तनिशा असनानी द्वितीय, तानिया बौध तृतीय, 77 किलो वजन वर्ग में शिवानी नागवंशी प्रथम, आस्था राय द्वितीय, 86 किलो वजन वर्ग में गुंजन उईके प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने-अपने जिलों को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में सीहोर जिले सहित भोपाल, शिवपुरी से खिलाडिय़ों ने भाग लिया। निर्णायक भूमिका सीहोर जिला वेटलिफ्टिंग ऐसोसिएशन के सचिव सत्यनारायण वारिया, आरिफ खान, उदय प्रताप सिंह ने निभाई। श्रीमती देवान ने विजेता खिलाडिय़ों को पुरुस्कृत किया एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडिय़ों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के विजेता शहरों में बुधनी और शाहगंज शामिल, 17 को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

**सीहोर।** केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के विजेता शहरों की घोषणा की गई है, जिसमें मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी और शाहगंज भी शामिल हैं। यह उपलब्धि न केवल इन शहरों के लिए बल्कि पूरे राज्य मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत, देश भर के विभिन्न शहरों को साफ-सफाई, स्वच्छता और नागरिक सुविधा के आधार पर आंका गया। इस बार मध्यप्रदेश के आठ शहरों इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, देवास, बुधनी और शाहगंज - को राष्ट्रीय सम्मान के लिए नामांकित किया गया है।

स्थानीय प्रशासन ने इस सफलता के लिए नागरिकों को धन्यवाद दिया और कहा कि यह केवल शुरुआत है। वे भविष्य में भी इसी तरह के प्रयासों को जारी रखने की योजना बना रहे हैं ताकि उनके शहरों को और भी स्वच्छ और हरा-भरा बनाया जा सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने बुधनी तथा शाहगंज नगर परिषद की टीम तथा नागरिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। सीहोर जिले की निकायों में सुपर स्वच्छ लीग सिटी में बुधनी को नामांकित किया गया है। बुधनी को 20 हजार से कम आबादी वाले कस्बों में प्रथम स्थान मिला है। उल्लेखनीय है कि सुपर स्वच्छ लीग सिटी एक नई श्रेणी है, जिसमें गत 3 वर्षों से जो कंसिस्टेंट परफॉर्मर हैं उन्हें प्रेसिडेंट अवार्ड दिया जाएगा तथा राष्ट्रपति द्रोपती मुर्म के साथ एक गुरप फोटो सेशन आयोजित किया जाएगा।

इसमें सुपर स्वच्छ लीग सिटी के सभी शहरों के पदाधिकारी शामिल होंगे। सुपर स्वच्छ लीग सिटी श्रेणी में मध्यप्रदेश के इंदौर एवं उज्जैन को भी नामांकित किया गया है।

#### शाहगंज नगर परिषद को मिलेगा प्रेजिडेंट अवार्ड

सीहोर जिले की शाहगंज नगर परिषद को प्रेजिडेंटल अवार्ड दिया जाएगा। शाहगंज के साथ ही प्रेजिडेंटल अवार्ड की श्रेणी में मध्यप्रदेश के भोपाल और देवास को भी नामांकित किया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का परिणाम 17 जुलाई को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में घोषित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के दौरान स्वच्छ शहरों की रैंकिंग एवं गार्बेज फ्री सिटी (स्टार रैंकिंग) की घोषणा की जाएगी। इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विजेता नगरीय निकायों से 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाएगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली में लंबित पड़ी हैं फाइलें

# कब तक नरबली लेता रहेगा राजगढ़ के बीच से निकला बाइपास

## बीते 1 वर्ष के दौरान बाइपास क्षेत्र में हो चुके हैं अनेकों हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ शहर के बीचों-बीच से निकल रहे बाइपास पर आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। बीते एक पखवाड़े में हुए दो अलग-अलग हादसों में 2 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ बीते एक वर्ष के दौरान घनी आबादी और यातायात के बीच से निकल रहे इस बाईपास पर दर्जनों एक्सीडेंट के मामले सामने आ चुके हैं। ब्यावरा, खिलचीपुर, सारंगपुर जैसे तहसील मुख्यालयों के हाईवे के बाइपासों का निर्माण करवा दिया गया है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां का बाइपास अभी तक शहरी सीमा के अंदर से ही निकल रहा है। जबकि, पीडल्यूडी विभाग की एनएच विंग नवीन बाइपास निर्माण के लिए करीब 400 करोड़ की राशि स्वीकृति भी कर चुकी है।

18 सितंबर 2024 पीडल्यूडी एनएच विंग के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की एक बैठक भी बाईपास का रूट फाईनल करने बैठक भी हो चुकी है जिनमें से खोयरी महादेव वाला रूट पूरी तरह कैंसिल किया जा चुका है क्योंकि वहां 80 फीसदी से अधिक वन्य क्षेत्र है। इसमें में बाकी के 2 अन्य रूटों में से किसी एक को फाइनल करने हेतु प्रक्रिया बीते एक साल से विचाराधीन चल रही है और मामले की फाईलें लोक निर्माण विभाग भोपाल की एनएच विंग या एनएच के दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं।






### इन दो रूटों पर मांगे गए थे सुझाव

नवीन बाइपास निर्माण के लिए जहां 400 करोड़ के लगभग की राशि तो स्वीकृत हो चुकी है लेकिन तय किए गए दो रूटों में से किस रूट पर बाईपास का निर्माण किया जाए इस बारे में मामला अधर में लटका हुआ है। बाईपास निर्माण हेतु खोयरी रूट वाला आप्शन-1 तो कैंसिल किया जा चुका है। दूसरे ऑप्शन वाले बाईपास की लंबाई 9.5 किमी है जो प्रतापगढ़, रघुनाथगढ़, भगवतिपुर, जुगलपुरा, हरजीपुरा, देवझिरी वाला है। वहीं तीसरे रूट ऑप्शन वाला बाईपास करीब 15 किमी लंबाई वाला है जो रामपुरा, कालीतलाई, मद्दापुरा, पीपल्या पाटनकला, गोवर्धनुपरा, मोरपीपली, हरजीपुरा, जोगीपुरा, फतेहपुर वाला है।

### 15 किमी लंबाई वाला रूट लगभग हुआ था फाइनल

सितंबर 2024 में हुई बैठक में 15 किमी लंबाई वाला ऑप्शन-3 रूट के बाईपास पर सभी की सहमति बनी थी। फाइनल स्वीकृति का प्रस्ताव पीडल्यूडी एनएच को भिजवा दिया गया था लेकिन अब इसके आगे प्रक्रिया बढ़ ही नहीं पा रही है।

### जनप्रतिनिधि भी नहीं दिखा रहे रुचि

शहर के आम नागरिक जहां बाईपास के शीघ्र निर्माण की मांग कर रहे हैं वहीं जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते प्रशासनिक अधिकारी भी मौन साधे बैठे हैं और बाईपास की फाईलें मंत्रालय में धूल खा रही हैं।

### इनका कहना है...

डीपीआर बनाने के लिए हमारे पास प्रजोजल आया था लेकिन बाइपास का एलाईनमेंट मिनिस्ट्री ऑफ रोड एंड ट्रांसपोर्टेशन से अप्रूव होकर अभी आया नहीं है। वहां से अप्रुवल के बाद ही आगे की प्रक्रियाएं बढ़ पाएंगी।

**प्रीति निगम, एसिसटेंट इंजीनियर, पीडल्यूडी एनएच, भोपाल**

गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के सीएमओ को दिए निर्देश

# मंत्री टेटवाल ने निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के साथ मंदिर जीर्णोद्वार सहित महिला भजन मंडल के लिए दी राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में सारंगपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 18 में अधोसंरचना चतुर्थ मद के विकास कार्य अंतर्गत सीसी सड़क एवं पेवर ब्लाक निर्माणाधीन स्थल तथा निर्माण कार्य का रविवार को राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति नपा इंजीनियर सहित सीएमओ को निर्देश दिए कि कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण किए जाएं। इस दौरान स्थानीय पार्षद भानु लववंशी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

**महिला भजन मंडल के बीच पहुंचे मंत्री टेटवाल:** रविवार को वार्ड क्रमांक 18 जयनगर के निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गांव में स्थित महादेव मंदिर के समीप ग्रामीण भजन मंडल की बहनों से मिले और उनकी मांग के अनुसार स्वच्छनुदान राशि से कीर्तन भजन के लिए ढोलक,मंजीरे आदि क्रय करने के लिए 10 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की,

**मंदिर के जीर्णोद्वार के लिए दिए 2 लाख:** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के प्राचीन देवालयों के लिए राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा अलग अलग मंदिरों में राशि दी गई जिससे कई मंदिरों का जीर्णोद्वार हो चुका हैं या कार्य चल रहे हैं इसी श्रृंखला में रविवार को वार्ड क्रमांक 18 के निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गांव के प्राचीन शिवालय के जीर्णोद्वार के लिए ग्रामीणों की मांग पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा 2 लाख की राशि तत्काल स्वीकृत करने की बात कही ,

**निर्माणाधीन संजीवनी क्लिनिक का किया निरीक्षण-** शासन द्वारा बेहतर स्वास्थ सुविधा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ केंद्र भवनों का निर्माण किया जा रहा हैं इसी कड़ी में सारंगपुर में भी अस्पताल से दूर रहने वाले वार्ड वासियों की सुविधा के लिए संजीवनी क्लिनिक नाम देकर स्वास्थ केंद्र भवन का निर्माण शासन निधि से चल रहा हैं उक्त कार्य का राज्य मंत्री टेटवाल द्वारा निरीक्षण किया एवं तकनीकी अमले से निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा,सीएमओ ज्योति सुनेरे,थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा,पार्षद सुनील लववंशी, कुलदीप राठौर,रमेश लववंशी, विनोद लववंशी आदि मौजूद थे।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला राजगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल जी के आवाहन पर जिला अध्यक्ष हेमराज शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक स्वाभिमान रैली का आयोजन कर 13 जुलाई को कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य मांगे, शिक्षकों पर लागू किया गया ई अटेंडेंस प्रक्रिया को पूर्णता रोक लगाई जाए। गुरुजियों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए।

अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी राज्य एवं केंद्र के अन्य कर्मचारियों के समान प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत अध्यापक शिक्षक वर्ग को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए। अनुकनपा नियुक्ति नियमों को शिक्षित किया जाए।

अध्यापक शिक्षक संवर्ग की रुकी हुई हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान किया जाए। अध्यापक शिक्षक कैशलेस मेडिकलसुविधा उपलब्ध की जाए। आई एफ एम एस पोर्टल में प्राथमिक माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक 01৷07৷ 2018 दर्ज है उसे सुधार कर उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक अंकित की जाए। ऐसी अनेकों मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया ।ज्ञापन में उपस्थित प्रांतीय पदाधिकारी संभागीय पदाधिकारी जिले की कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं समस्त आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के साथी उपस्थित रहे।

राहगीरों को आने-जाने में हो रही परेशानी, आए दिन हो रहे चोटिल

# मरम्मत के अभाव में सोमवारिया छोटा पुल हुआ गड्ढों में तब्दील, नगर परिषद का नहीं इस ओर कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर के सोमवारिया वार्ड क्रमांक - 03 में स्थित गांड़ गंगा नदी पर रियासत कालीन निर्मित छोटा पुल बरसों से मरम्मत के अभाव में गड्ढों में तब्दील हो गया है। अर्थात चिनकारियों से बने इस पूल की दराजें खाली होने से गड्ढे हो गए हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार गड्ढो के चलते मोटरसाइकिलें अनबैलेंस होकर गिर जाती है ओर सवार व्यक्तियों को चोट लग जाती है वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी संभल कर चलना पड़ता है नहीं तो पैर फैक्चर होने का भय बना रहता है, बीते दिनों में एसी घटनाएं दो-तीन बार हो चुकी है हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रोजाना हजारों लोग इस पूल से गुजरकर बाजार आते-जाते हैं, क्योंकि बाजार जाने के लिए वार्ड - 1,2,3, के रहवासियों तथा आस पास लगे गांव के लोगों का शॉर्टकट रास्ता यही है।

सोमवारिया वासियों ने बताया कि 8-10 वर्षो पहले जब अध्यक्ष अनीता -प्रदीप गुप्ता थे तब इसकी मरम्मत हुई थी तब से अब तक इस पूल की मरम्मत नगर परिषद द्वारा आज तक नहीं कराई गई,अब ऐसे में आवागमन में हमें तकलीफें उठानी पड़ रही है। नगर परिषद का इस ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं गया है, यदि समय रहते पूल की मरम्मत नहीं कराई गयी तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### इनका कहना है

हां मुझे भी सूचना मिली है, पुल की दराजें शीघ्र ही भरवा दी जाएंगी।

**अनिल जोशी, प्रभारी सीएमओ खिलचीपुर**

# करणी सेना ने नारे लगाते हुए हाईवे किया जाम, तहसीलदार को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

हरदा पुलिस प्रशासन द्वारा समस्त करणी सैनिकों को रिहा करने एवं राजपूत समाज के साथ बर्बरता करने वाले पुलिसकर्मियों पर उचित कार्यवाही करने को लेकर रविवार को पाडल्या माता चौराहा नेशनल हाईवे सारंगपुर पर सारंगपुर क्षेत्र के करणी सेना के सैनिकों ने चक्काजाम कर दिया। काफी देर तक नारे बाजी करते रहे। मौके पर एसडीओपी अरविंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा दल बल के साथ हाईवे पर पहुंचे और करणी सैनिकों को आक्रोश को देखते हुए सुरक्षा पर नजर रखी तभी तहसीलदार आकाश शर्मा पहुंचे करणी सैनिकों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उन्हें ज्ञापन सौंपा जिसमें हरदा पुलिस प्रशासन द्वारा समस्त करणी सैनिकों को रिहा करने की मांग की गई हैं। ज्ञापन के बाद जाम खोला गया। इस दौरान स्थानीय करणी सैनिक मौजूद थे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून हर हाल में लागू हो: डॉ सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक एवं संभागीय पत्रकार कार्यशाला के आयोजन पर बोलते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रांताध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना ने पत्रकार सुरक्षा कानून हरहाल में लागू हो, साथ ही कहा कि यह पत्रकारों का अधिकार भी है। सरकार अभी तक इस विषय में मौन है निश्चित ही इसके पीछे कानून लागू करने में आ रही कुछ तकनीकी समस्याएं हो सकती है। संभवतः सरकार इनके समुचित निराकरण के पश्चात कानून लागू करें।

पत्रकारो की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राज्यसभा टीवी के संपादक निदेशक, देश के वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल ने बताया की आने वाले समय में डिजिटल पत्रकारिता का भविष्य उज्वल है, वही बताया की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक भावना रहित मशीनरी सॉफ्टवेयर है जो मानव मस्तिष्क को अध्ययन करके सोचे गए कार्य को करने पर प्रेरित करती है।

कार्यक्रम में भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश के जनसंपर्क विभाग की पत्रकारों के हितों की योजनाओं को संपूर्ण देश में लागू किए जाने के प्रयास बीएसपीएस के माध्यम से हम कर रहे है। अभी हमने पत्रकार को मिलने वाली श्रद्धा निधि का मामला हो या पत्रकार सुरक्षा बीमा योजना या अन्य कल्याणकारी योजनाएं। पत्रकारों के हित में प्रदेश में लागू करवाने हेतु यदि आवश्यक हुआ तो आंदोलन का सहारा भी लेंगे। कार्यक्रम का भव्य आगाज माँ सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करने के उपरांत किया गया। इसके पूर्व गुना बायपास चौराहे पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद प्रदेश भर से आए पत्रकारों ने बाबा साहब अंबेडकर, स्वामी विवेकानंद और पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर वाहन रैली निकालकर काफिले के रूप कार्यक्रम स्थल पहुंचे। गौरतलब है कि भारी बारिश में लगभग 35-40 चारपहिया वाहन की रैली नगर में आकर्षण के केंद्र रही। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया, पूर्वजिलापंचायत अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, भाजपा प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नपाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने प्रदेश भर से आए पत्रकार साथियों को सम्मानित किया।

सेवा सदन में हुई जनसुनवाई

# मंत्री टेटवाल बोले - क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान किया जाएगा

**सारंगपुर।** मप्र प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने एसडीएम चौराहे पर स्थित सेवा सदन कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनीं और उन्हें शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का विश्वास दिलाया। मंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग और विश्वास से यह जनसेवा की यात्रा निरंतर आगे बढ रही है। आपका विश्वास ही मेरी सबसे बडी प्रेरणा है, और मैं सदैव निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जनसेवा के इस पावन कार्य में संलग्न रहूंगा। इस दौरान आमजन ने मंत्री के समक्ष पीएम आवास, बिजली, पानी, सड़क और रोजगार से संबंधित मांग रखी और समाधान की अपील की, मंत्री ने सभी समस्याओं का हल करने के लिए आश्वास्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विनोद पाटीदार, गिरवर भंडारी, शेखर शर्मा, कमल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



# शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण, कई शिक्षक अनुपस्थित मिले




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासन प्रशासन चाहे कितने ही कठोर नियम लागू कर ले। लेकिन अनियमितता पर पूर्ण रूपेण लगाम लगा बना असंभव ही प्रतीत होता है। शिक्षा के क्षेत्र में शासन लगातार नित नए प्रयोग कर रहे लेकिन कतिपय शिक्षक शिक्षिकाऐ उनका पालन करने में लापरवाही बरतते हैं जिससे शिक्षा विभाग पर प्रश्न चिह्न लगता है। ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया नगर में संचालित शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल का जिला शिक्षा अधिकारी करणसिंह भिलाला द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां पर शासन प्रशासन के निर्धारित समय पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं में लगभग एक तिहाई शिक्षक शिक्षिकाएं नदारत पाई गई। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कन्या शाला में 11 शिक्षक शिक्षिकाऐ अनुपस्थित पाए गए उनको कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। डीईओ भिलाला ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दस बजकर पचास मिनट पर शिक्षक शिक्षिकाऐ अर्चना त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा, कृष्णा द्विवेदी, शशीबाला शर्मा, रामबाबू पवांर, चंदा शर्मा राजेश गुप्ता, रमेशचंद्र वर्मा, भवानी सिंह दांगी, संगीता शर्मा आदि अनुपस्थिति थे।

जालपा माता मंदिर पहुंचकर मैया का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया

# मोहनपुरा बांध के भ्रमण पर पहुंचे 1975 बैच के 21 पूर्व विद्यार्थी

**राजगढ़।** राजगढ़ महाविद्यालय में 50 वर्ष पूर्व सन 1975 में अध्ययनरत विद्यार्थियों(अब सीनियर सिटीजन) का बैच रविवार को मोहनपुरा बांध के भ्रमण पर पहुंचा। जिले में 50 वर्ष पूर्व ली गई शिक्षा के बदौलत ये 21 विद्यार्थी महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों, प्रतिष्ठित कंपनियों, व्यवसायों, बैंकिंग क्षेत्रों इत्यादि से जुड़कर जीवन में कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

इस दल में छतरपुर के पूर्व कलेक्टर रमेश कुमार भंडारी सहित अन्य प्रतिष्ठित पूर्व विद्यार्थी शामिल थे। मोहनपुरा बांध से जिले में आए आमूलचूल बदलावों और क्षेत्र के कायाकल्प होने पर सभी ने प्रसन्नता जाहिर की। इसके पूर्व शनिवार को यह पूरा दल राजगढ़ पीएम श्री महाविद्यालय के उसी कक्ष में पहुंचा था जहां सभी साथ बैठकर पढ़ाई किया करते थे। 50 वर्षों पूर्व वाले कॉलेज में पहुंचकर सभी की पुरानी यादें ताजा हो उठीं। पुराने दिनों को याद करते हुए दल में शामिल कुछ महिलाओं की आंखें भी भर आईं।



तदुपरान्त सभी ने जालपा माता मंदिर पहुंचकर मैया का पूजन-अर्चन करते हुए आर्शिवाद लिया।

**दल में यह रहे शामिल:** हदल के साथ विभाग के सुनील कुमार जोशी, देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बापट, मप्र ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जोशी, गुजरात सरकार में वरिष्ठ इंजीनियर रहे प्रभाकर संत, एमपीजीबी बैंक के प्रबंधक सुभाष पारिख, स्टेट बैंक के अश्विनी कुमार व्यास, शिक्षा विभाग में डायरेक्टर रहीं मीनाक्षी गुरू सहित अन्य शामिल थे। यह सभी पूर्व विद्यार्थी पुणे, भोपाल, होशंगाबाद, मंदसौर, इंदौर, देवास, ग्वालियर, मैसूर सहित भारत के अन्य शहरों में सेवारत रहे हैं।

# किताबों और खिलौने से खेलने की उम्र में दर-दर भीख मांग रहा बचपन

**जानकर भी जिम्मेदार बने रहते हैं अनजान**

**सूचना के बाद भी जिम्मेदार कर रहे खानापूर्ति**

**भिक्षावृत्ति के मामले लगातार बढ़ते जा रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





जिन हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए, वो हाथ इन दिनों शहर की सड़कों, मंदिरों के बाहर भीख मांगते दिखाई दे रहे हैं और तो और दिन प्रतिदिन यह भिक्षावृत्ति के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं वही जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर रस्म अदायगी कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जहां एक ओर बाल संरक्षण आयोग के जिम्मेदार बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के तमाम दावे करता है लेकिन धरातल पर बाल भिक्षावृत्ति को रोकने का आयोग का यह दावा नाकाम साबित हो रहा है क्योंकि शहर की सड़कों, चौराहों और धार्मिक स्थलों के बाहर यह बच्चे भीख मांगते आसानी से देखे जा सकते हैं। मध्यप्रदेश में शिक्षा का अधिकार राइट टू एजुकेशन के तहत सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। परन्तु बड़ी संख्या में भीख मांग रहे इन परिवारों के बच्चों तक इसकी किरणें नहीं पहुंच पाई हैं। जिससे पता चलता है कि इन योजनाओं का लाभ ऐसे पात्र बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है। आपको बता दें की शहर के धार्मिक स्थल खेड़ापति से लेकर शंकर मंदिर, शनि मंदिर, बस स्टेंड, अलीपुर, शुजालपुर बस स्टैंड पर तो ऐसे भीख मांगने वाले बच्चों की बाढ़ सी आ गई है। इनमें झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों की संख्या अधिक होती है। और तो और इंदौर भोपाल बायपास शुजालपुर चौराहे पर दौड़ती बसों, कारों से भीख मांगते समय कभी भी दुर्घटना होने का डर रहता है। परंतु पेट पालने की दौड़ में ऐसे बच्चे अपनी जिदगी पर दांव लगाए हुए हैं। जिसकी और सरकारों को ध्यान देने की अति आवश्यकता है। लोगों की मांग है कि प्रशासन इस ओर ध्यान दें। सरकार सात साल से लेकर 14 वर्ष तक के वंचित बच्चों के लिए भी शिक्षा का अधिकार कानून बनाकर लाई है लेकिन शहर के अंदर बड़ी संख्या में बच्चे भीख मांग रहे हैं।

### एसडीएम ने लिया संज्ञान तो आनन फानन में पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारी

श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर प्राचीन शंकर मंदिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं ऐसे में यह भीख मांगने वालों की संख्या भी बढ़ जाती है वही सोमवार को सोशल मीडिया पर शंकर मंदिर के बाहर भीख मांगने वालों मे कई छोटे छोटे नाबालिक बच्चे भी भीख मांगते नजर आए। भीख मांगते हुए किसी ने इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद एसडीएम नितिन कुमार टाले ने मामले की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल शिक्षा विभाग को निर्देश दिए। लिहाजा एसडीएम के निर्देश पर बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत शंकर मंदिर पहुंचे और वह से इन बच्चों सहित इनके परिजनों को पुलिस के सहयोग से भगा दिया। लिहाजा मौजूद लोगों ने कहा कि इन बच्चों को भगाने की बजाय इन्हें पकड़ कर स्कूल भेज इनके हाथों में किताबें पकड़ाए जाय और इनसे भीख मंगवाने इनके परिजनों पर कार्यवाही करनी चाहिए। खेर अब देखना लाजमी होगा कि जिम्मेदार विभाग कब तक इस खानापूर्ति का ढिंढोरा पीट अपनी पीठ थपथपाते हैं।

## खबर संक्षेप

### माही चंडाले ने जीता सिल्वर मेडल



**आष्टा।** खेल अकादमी की खिलाड़ी माही चंडाले ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।आष्टा, मध्य प्रदेश यूथ स्पोर्ट्स खेलो इंडिया के तहत पूरे मध्य प्रदेश में अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग प्रतियोगिता 13 जुलाई, जिला खेल विभाग चर्च ग्राउंड के पास संपन्न हुई यह प्रतियोगिता पूरे मध्य प्रदेश में सिर्फ इंदौर और सीहोर नगर में हुई।इस प्रतियोगिता में आष्टा खेल अकादमी की खिलाड़ी माही चंडाले ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। माही चंडाले के कोच एवं आष्टा खेल अकादमी के सचिव अशोक साहू ने बताया कि माही ने कड़ी मेहनत करके इतनी जल्दी यहां पदक प्राप्त किया है जबकि उनकी उम्र 13 वर्ष है संस्था से कई बच्चों बच्चों ने खेल के क्षेत्र में देश एवं विदेशों में नाम कमाया है संस्था से 18 बालकों का चयन भारतीय सेना एवं मध्य प्रदेश पुलिस में हुआ है। माही की इस उपलब्धि पर संस्था के सुधीर पाठक, राय सिंह मेवाडा, सतीश रावत, उमेश शर्मा,दिनेश सोनी, प्रमोद शर्मा, सुरेश कुशवाहा, पुष्पेंद्र मालू, गोलू कुशवाहा ,चंदर परमार, सचिन धनगर आदि लोगों ने बधाइयां दी।

### चौथे दिन भी जारी रहा बारिश का दौर

**आष्टा।** सोमवार की भी शुरुआत बारिश से हुई है दिन भर कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश होती रही बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया है सोमवार को भी सुबह से रिमझिम बारिश हुई लेकिन 2 बजे से 4 बजे तक झमाझम और तेज बारिश हुई इस कारण खेतों में पानी ही पानी दिखाई दे रहा है, सोमवार 14 जुलाई को सुबह 8 बजे तक बारिश 18 मिलीमीटर कुल बारिश 262 मिलीमीटर हुई। गत वर्ष 206 मिलीमीटर बारिश हुई थी।बता दे की बीते चार दिनों से क्षेत्र में रोजाना रुक-रुक कर बारिश हो रही है बारिश के कारण क्षेत्र के नदी नाले भी तेज बहाव है पार्वती में रात्रि में ज्यादा बारिश के चलते पानी का तेज बहाव देखा गया है साथ ही अन्य नदियों में भी यही स्थिति है इधर ज्यादा बारिश के चलते क्षेत्र के किसान चिंतित भी नजर आ रहे है क्योंकि लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया।

## सावन माह के पहले सोमवार को शिव भक्तों ने की भगवान की आराधना

# शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी, जमकर गूंज भोले के जयकारे

पूरे सावन महीने में भगवान भोलेनाथ की भक्ति पूजा अर्चना करते हैं श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भगवान शिव की आराधना का महीना सावन शुरू हो चुका है सोमवार को सावन का पहला सोमवार पर शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी सुबह 5 बजे से शिव मंदिरों में भक्तों की कतार देखने को मिली शिव मंदिरों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई दी शंकर मंदिर में 10000 से अधिक भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। बता दे की सावन माह की शुरुआत से ही शिव मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर शुरू हो चुका है पूरे सावन महीने में भगवान भोलेनाथ की भक्ति पूजा अर्चना करते हैं लेकिन सोमवार को या संख्या और अधिक बढ़ जाती है सावन के पहले सोमवार पर पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में सुबह 5 बजे से ही भक्तों की कतार लग गई जो कि दिनभर कतार लगी रही यहां पर भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने कतर में लगकर दर्शन किए इस दौरान मंदिर प्रबंधन प्रबंधन समिति ने भी यहां पर व्यापक इंतजाम किए थे पुलिस बल भी तैनात रहा। मंदिर के बारे में शंकर मंदिर के महंत हेमंत गिरी बताते हैं कि पार्वती तट पर स्थित यहां प्राचीन शंकर मंदिर ऐतिहासिक और दुर्लभ है पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन एकमात्र यह शिव मंदिर है जहां पर भगवान भोलेनाथ की भक्त पूजा अर्चना करते हैं और भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं यह मंदिर भक्तों की गहरी आस्था का केंद्र है दूर-दूर से भक्त यहां पर पहुंचते हैं आष्टा क्षेत्र ही नहीं देवास, इंदौर ,शाजापुर ,राजगढ़ सहित अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### सावन माह में विशेष भक्ति

पंडित मनीष पाठक बताते हैं कि सावन में सत्संग, प्रवचन ,धर्म ,उपदेश सुनने से काफी फल मिलता है खासकर सावन महीने में पूजा अर्चना का एक विशेष महत्व रहता है सावन माह का प्रारंभ ही आयुष्मान सौभाग्य योग में हुआ है सावन का दूसरा सोमवार 21 जुलाई को, तीसरा 28 जुलाई को और चतुर्थ चौथा 4 अगस्त को अंतिम सोमवार को सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। दरअसल आष्टा क्षेत्र में तीन प्राचीन और धार्मिक स्थान है पहले पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन शंकर मंदिर दूसरा भंवरा में इलाही माता मंदिर और तीसरा जावर के पास बिलपान में स्थित देववल्ला जहां नवरात्रि में भंवरा में इलाही माता मंदिर में भक्तों की भीड़ में रहती है तो वहीं सावन माह में शंकर मंदिर और देवबंदला में सावन के पहले सोमवार पर देवबंदला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



## समाज अध्यक्षों का सम्मान और त्योहारों को लेकर बैठक में की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आगामी हिंदू त्योहारों को सुव्यवस्थित एवं सामूहिक रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से हिंदू उत्सव समिति आष्टा द्वारा एक गरिमामय समारोह का आयोजन गीतांजलि गार्डन में किया। आयोजन व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसके पश्चात नवगठित सकल हिंदू समाज के अध्यक्षों का पारंपरिक सम्मान साफा पहनाकर एवं अपर्णा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से अनिल श्रीवास्तव एवं नरेंद्र कुशवाह को सम्मानित किया गया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर ने बताया कि पूरा व्यापार महासंघ आपका हे हमारी जहां जरूरत होगी आपके साथ खड़े हे। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव,एवं नरेंद्र कुशवाह ने भी सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।इस अवसर पर सभी ने संबोधित करते हुए सर्व प्रथमसेंधव समाज अध्यक्ष कुमैरसिंह जीठाकुर साहब ने समाज को पिछली परंपराओं को याद कर पुनः संगठित होने पर बल दिया ।जिला जनपद उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई,एवं खाती समाज के प्रमुख पत्रकार बी एस वर्मा अधिवक्ता ने अपनी ओजस्वी वाणी में सभी का स्वागत कर बधाई दी। सभा को मनोहरलाल विश्वकर्मा,मुकेश नामदेव,महेश जाट, राजीव पवार इत्यादि अध्यक्षों ने भी संबोधित किया।समारोह में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री कालू भट्ट ने अपने उद्बोधन में आगामी त्योहारों, जैसे श्रावण मास, जन्माष्टमी, गणेश उत्सव आदि की तैयारी और आयोजन की रूपरेखा सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने समाज के सहयोग से त्योहारों को मिलजुल कर भव्य रूप में मनाने का आह्वान किया। समापन सहभोज के साथ हुआ, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी व समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी कर रहे ठेकेदार पर हुई कार्रवाई

**हरिभूमि की खबर के बाद बिजली कंपनी ने बनाया पंचनामा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर



कंपनी के जिम्मेदारों को नहीं जानकारी, चोरी की बिजली से किया जा रहा मांगलिक भवन का निर्माण

खबर का असर

अहमदपुर के चरनाल जोड़ पर मांगलिक भवन का निर्माण का कार्य किया जा रहा था। जिसमे बिजली पोल से पोल से तार डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। जिसको लेकर हरि भूमि के समाचार पत्र द्वारा सोमवार को प्रमुखता से बिजली चोरी की खबर को प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद अहमदपुर विद्युत वितरण कंपनी अधिकारी हरकत में आए और पोल से बिजली चोरी के तार हटाए गए। मध्य क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी शिवराम सिंह से जब संपर्क किया गया तो उन्होने बताया की मामला संज्ञान में आने के बाद संबंधित ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। इसके बाद ठेकेदार के द्वारा ऑनलाइन बिजली कनेक्शन का आवेदन कर दिया गया है। इसलिए बिजली कनेक्शन को पुन चालू किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को मामला संज्ञान में दे दिया गया है। बिजली चोरी को लेकर कार्रवाई की गई है। ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन कनेक्शन के लिए आवेदन किया था कनेक्शन जारी कर दिया है। बिजली कंपनी के जेई शिवराम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद पंचनामा बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया है। ठेकेदार द्वारा आवेदन होने पर ऑनलाइन कनेक्शन जारी कर दिया गया है पोल से बिजली चोरी को लेकर आगे की करवाई जारी है।

### पवन यादव अहीर समाज के अध्यक्ष निर्वाचित



**आष्टा।** नगर में यादव (अहीर) समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक बाबा कारस देव के स्थान पर आयोजित की गई, जिसमें समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में पवन यादव को सर्वसम्मति से एक बार फिर समाज का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रेमचंद यादव, सूरज यादव, कैलाश यादव, गुड्डा यादव, नंदकिशोर यादव, संदीप यादव, डॉ. बी.एस. यादव, पंकज यादव, पूर्व पार्षद संजू यादव, दिलीप यादव, शेर यादव सहित समाज के अनेकों वरिष्ठजन उपस्थित रहे।सभी सदस्यों ने पवन यादव के कार्यों की सराहना करते हुए पुनः अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। बैठक में समाज की एकता, युवाओं के मार्गदर्शन, सामाजिक कार्यक्रमों के संचालन एवं विकास की दिशा में आगे बढ़ने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पवन यादव ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी वर्गों को साथ लेकर समाजहित में निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने युवाओं को जोड़ने, शिक्षा को बढ़ावा देने एवं पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम का समापन सामूहिक जयकारों के साथ हुआ। समाज में इस पुनर्निर्वाचन से उत्साह का वातावरण व्याप्त है।

# श्री नवरत्न गजानंद मंडल ने अध्यक्ष पद पर सुनील परमार को किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री नवरत्न गजानंद मंडल ने वर्ष 2025-26 के लिए अपने नए अध्यक्ष की घोषणा करते हुए सुनील परमार को सर्वसम्मति से मंडल का अध्यक्ष घोषित किया। मंडल की विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसमें शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में विशेष रूप से दलप्रसाद कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह, भगीरथ कुशवाह, शैलेन्द्र जैन, विनोद जायसवाल, कैलाश कुशवाह, मुकेश पटेल, दिनेश, बल्मुकुंद कुशवाह, मुकेश बड़ला, राजेन्द्र विश्वकर्मा, महेन्द्र ठाकुर, विजय टेलर, महेन्द्र सोनी, रवि कुशवाह, राकेश राठौर, बंटी महाडिक, बिल्लू सेन, मोंटू गोरी, राहुल कुशवाह, हिमांशु बड़ा, आनंद, लोकेश, हीरा, निखिल, गोलू, विवेक, ऋषि, राज सहित मंडल के सभी सक्रिय सदस्य।नए अध्यक्ष को बधाई देते हुए सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि सुनील परमार के नेतृत्व में मंडल सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

**इंद्रदेव की उपस्थिति में अरिहंतपुरम मंदिर में हुई चातुर्मास कलश स्थापना**

# बारह भावनाओं और अनुप्रेक्षाओं का चिंतन करने से वैराग्य उत्पन्न होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



।जब इस संसार पर दृष्टि पड़ती है तो ऐसा प्रतीत होता है यदि श्रावक अपने जीवन में बारह भावनाओं, अनुप्रेक्षाओं, आत्म तत्वों का चिंतन करे तो वैराग्य को हृदय में धारण कर सकते हैं, जितने भी अरिहंत, पंच परमेष्ठि,व्रती, वैरागी हुए उन्होंने अपने जीवन में वैराग्य को उत्पन्न कर अपनी आत्मा का कल्याण किया। अरिहंतपुरम आष्टा के मूलनायक श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान जिन्होंने सोलह कारण भावना को अपने जीवन में अंगीकार करके तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया, यदि जीवन में बारह भावना का चिंतन नहीं है समझ लेना चाहिए कि अभी आपका धर्म प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि श्रावक चिंतन करे तो संसार से पार हो सकता है, यदि चिंता करे तो संसार में ही फंसा रहेगा।

उक्त बातें नगर के चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कही। आपने चिंतन और चिंता में अंतर बताते हुए कहा कि चिंता संसार का और चिंतन निर्वाण का कारण है, छह खंड के अधिपति चक्रवर्ती ने भी अपने जीवन में बारह भावनाओं और अनुप्रेक्षाओं का चिंतन करके वैराग्य को उत्पन्न किया। वहीं श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के शिष्य मुनिश्री सानंद सागर जी ने कहा आचार्य समंतभद्र स्वामी का श्रावकाचार्य का स्वाध्याय नित्य करना चाहिए। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान जीवन में एक बार स्वयं अवश्य कराएं, अपेक्षा रखकर नहीं। यह विधान आपको, नगरवासियों व क्षेत्र वासियों को बहुत आगे ले जाएगा। शक्ति के अनुरूप दान, त्याग,तपस्या अवश्य करें। कलश स्थापना की भावना अवश्य भाए। आचार्य समंतभद्र स्वामी एक राजा के पुत्र थे, अनेक ग्रंथों को लिखा। आपको अपार ज्ञान था, मंत्र, तंत्र क्रिया सहित संस्कृत आदि का ज्ञान भी था। पंडित टोडरमल जंगलों में मुनि के दर्शन हेतु भटके लेकिन दर्शन नहीं हुए।पहले के लोगों को मुनियों के दर्शन दुर्लभ थे,आप लोग भाग्यशाली हैं कि आपको आए दिन मुनिश्री के दर्शन होते रहते हैं। मुनिश्री ने कहा आचार्य समंतभद्र स्वामी ने स्वयंभू स्तोत्र लिखा।

रत्ना कार श्रावकाचार्य ग्रंथ लिखा। पक्षियों की भाषा में भी आपने उपदेश दिए। दक्षिण में आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के प्रति लोगों में अपार वात्सल्य है। उन्होंने अन्य भाषाओं को सीखा। आज भी भारत सोने की चिड़ियां है।ठगियों की टोली के हाथ में भारत है,सीट स्थायी नहीं। लक्ष्मी कभी किसी की नहीं हुई। जिसके पास धर्म और सहज, सरलता है उसके पास लक्ष्मी ठहरती है। लक्ष्मी चंचल है। सप्त व्यसनी की समाज में कोई इज्जत नहीं। आपकी दशा और दिशा बदलना चाहते, ताकि आपका भविष्य उज्जवल हो।चौबीसी भगवान एक समान है। कोई अच्छा बुरा नहीं कर सकता है।आपका पुरुषार्थ अच्छा है तो अच्छा ही होगा। कर्म उदय से झगड़ा होता है। सरल,सहज ही धर्मात्मा होगा,छल, कपट, मायाचारी वाला नहीं। धर्मोपदेश से पुण्य आश्रव का बंध होगा। समय की कीमत समझें।

# देशलहरा बने कृषि उपकरण विक्रेता संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी वीरेंद्र देशलहरा को एक बार फिर सर्वसम्मति से कृषि उपकरण विक्रेता संघ का अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय शीतल स्वीट्स पर आयोजित संघ की वार्षिक साधारण सभा में लिया गया। वीरेंद्र देशलहरा को दोबारा मिली ज़िम्मेदारी सभा के मुख्य बिंदु के रूप में नवीन कार्यकारिणी के गठन पर विस्तार से चर्चा की।

देशलहरा को पुष्पहार पहनाकर, मिठाई खिलाकर बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से संघ के हित में कार्य करता रहूंगा। कार्यक्रम में सदस्यों में कमलज पाटीदार, ललित पाटीदार, विजय उदेनिया, नरेंद्र जैन, जावेद, अशोक पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, दिनेश पाटीदार, अखिलेश अजवानी, राजा ताम्रकार, सुनील भगवान, रवि पाटीदार, दीपक पाटीदार, रमेश पाटीदार, राजूजी जैन, गुड्डा सोनी, गौरव वोहरा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक मण्डल द्वारा किया गया।

उपस्थित सदस्यों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्णयों में भाग लिया। सभा का समापन संघ की एकता, व्यापारिक सहयोग और पारस्परिक विश्वास की भावना के साथ हुआ। देशलहरा के पुनः अध्यक्ष बनने पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, सौरभ रूनवाल, पवन रांका, दिलीप वशिष्ठ, तरुण चतुर्मुथा, दिनेश सुराणा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी।